प्रो. एम.पी. पूनीयाँ
उपाध्यक्ष
Prof. M.P. Poonia
Vice-Chairman

सत्यमेव जयते

अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद्
(भारत सरकार का एक सांविधिक निकाय)
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार)
नेल्सन मंडेला मार्ग, वसंत कुंज, नई दिल्ली-110070
दूरभाष : 011-26131495
ई-मेल : vcm@aicte-india.org

ALL INDIA COUNCIL FOR TECHNICAL EDUCATION
(A STATUTORY BODY OF THE GOVT. OF INDIA)
(Ministry of Education, Govt. of India)
Nelson Mandela Marg, Vasant Kunj, New Delhi-110070
Phone : 011-26131495
E-mail : vcm@aicte-india.org

Letter No. AICTE/NEAT/2021-22/003 **Date: December 15, 2021**

सेवा में

कुलपति/निदेशक/प्राचार्य

अभातशिप अनुमोदित संस्थान/कॉलेज/विश्वविद्यालय

विषय: 12 लाख मुफ्त कूपन का लाभ लेने के लिए इंटर्नशिप पोर्टल पर पंजीकरण किये जाने के संदर्भ में।

महोदय / महोदया,

दिन की बधाई..

आशा है कि आप इस महामारी की स्थिति में सुरक्षित हैं...

हमें आपको सूचित करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि प्रौद्योगिकी के लिए राष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग (NEAT) प्रकोष्ठ, एआईसीटीई तीन महत्वपूर्ण योजनाओं/परियोजनाओं को संभाल रहे हैं।

1. प्रौद्योगिकी के लिए राष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग (NEAT) ।
2. अभातशिप इंटर्नशिप पोर्टल।
3. ई एल आई एस (ELIS) पोर्टल।

सभी योजनाएं/परियोजनाएं छात्र/छात्राओं के कौशल के लिए हैं और उन्हें कौशल, पुनर्कुशल करने के पहलुओं एवं उनकी रोजगारपरक कौशल को बढ़ाने के लिए हैं।

प्रौद्योगिकी के लिए राष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग योजना में आर्थिक और सामाजिक रूप से वंचित उच्च शिक्षा के छात्र/छात्राओं के लिए निःशुल्क कूपन भी शामिल है। यह आपको सूचित करना है कि अभातशिप छात्रों को निःशुल्क कूपन वितरित किये जाने की दिशा में काम कर रहा है।

इस संबंध में, **यह अनुरोध किया जाता है कि आपके संस्थान/कॉलेज/विश्वविद्यालय के छात्रों के बीच यह जानकारी प्रसारित करे की सभी छात्र/छात्रा इंटर्नशिप पोर्टल पर पंजीकरण करें एवं निःशुल्क कूपन हेतु अपनी इच्छानुसार विकल्प भरें।**

समाचार पत्रों में प्रकाशित विज्ञापन को देखने के लिए कृपया यहां क्लिक करें।

छात्र नीचे उल्लिखित यूआरएल (चुनिंदा छात्र टैब) पर क्लिक करके पंजीकरण कर सकते हैं और लाभ उठा सकते हैं।

https://internship.aicte-india.org/register_new.php

कृपया नियत तिथि से पहले सभी छात्र/छात्राओं का पंजीकरण किया जाना सुनिश्चित करें। आपके सहयोग की सराहना होगी।

भवदीय

(प्रो. एम. पी. पूनिया)